## अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुआ स्कूलों का नया शिक्षा सत्र

# भृत्यों के पद रिक्त पड़े, शाला भवन वर्षों से जर्जर

**शहडोल।** नए शिक्षा सत्र का समय 1 अप्रैल से चालू हो चुका है, स्कूलों में प्रवेश की तैयारियां चल रहीं हैं। जून माह से पाठशालाओं का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस वर्ष भी बच्चे शासकीय अव्यवस्थाओं के बीच स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने को विवश रहेंगे। जिले की लगभग 1600 प्राथमिक और करीब 550 मिडिल स्कूलों में से 90 फीसदी पाठशालाएं ऐसी हैं जो भृत्यविहीन हैं। जहां वर्षों से साफ सफाई और पेयजल की व्यवस्था के साथ स्कूल का ताला खोलने की व्यवस्था अब नहीं है। इसके अलावा शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई लिखाई भी ढंग से नहीं होती है। भवनों की मर मत और रखरखाव की कमी के कारण वर्षा काल में भवनों के अंदर वर्षा का पानी घुसता है। मध्यान्ह भोजन भी गुणवत्ताविहीन चल रहा है। स्कूलों की दशा सुधारने शासन व अधिकारियों की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। हर वर्ष प्रवेशोत्सव की एक रस्म अदायगी कर दी जाती है और बदहाली के झंझावात में स्कूलों का संचालन शुरू कर दिया जाता है। हैरानी की बात यह है कि सरकार अपनी स्कूलों को निजी स्कूलों से बेहतर बनाने के लिए चिंतित है लेकिन स्थिति में सुधार नहीं ला रही है।

### ताला खोल रहे, झाड़ू लगा रहे

जिले की अधिकांश सरकारी स्कूलों में पिछले लगभग एक दशक से भृत्यों के पद रिक्त पड़े हैं लेकिन शासनस्तर से भर्ती नहीं की जा रही है। बताते हैं कि भृत्यों की भर्ती 30-40 साल पहले एक बार हुई थी। इसके बाद से भर्ती नहीं की गई। जबकि हर साल भृत्य सेवा निवृत्त होते हैं, हालत यह हो गई कि अधिकांश स्कूलों से भृत्य सेवानिवृत्त हो गए जबकि उनकी जगह पर भर्ती नहीं की गई। इसलिए पाठशालाएं भृत्यविहीन हो गईं, इन



स्कूलों में ताला खोलने और साफ सफाई करने का कार्य मध्यान्ह भोजन का रसोइया अथवा स्कूली बच्चों को करना पड़ रहा है। कहीं बच्चे ताला खोलते हैं और झाड़ू लगाते हैं तो कहीं रसोइया। पेयजल की व्यवस्था भी रसोइया को करनी पड़ती है। इधर उधर हैण्डपंपों से पानी लाकर टंकी भरने का इंतजाम किया जाता है।

### स्कूलों का नहीं हो रहा रखरखाव

शासन के आदेश हैं कि नए शिक्षा सत्र में विद्यालय संचालन से पूर्व स्कूलों की मरम्मत, रंग रोगन , साफ सफाई आदि का कार्य पूर्ण करा दिया जाए। लेकिन अधिकांश स्कूलों में न तो मर मत होती है और न साफ सफाई होती है। उसी जर्जर भवन में पुनः स्कूल संचालित होने लगती है। परिणाम यह होता है कि वर्षा काल में वर्षा का पानी छत में भरता है और वहां से सीपेज होकर स्कूल के कमरों में भर जाता है, पानी इतना अधिक टपकता है कि कक्षाओं का संचालन कर पाना कठिन हो जाता है। स्कूलों में इतनी व्यवस्था नहीं रहती कि किसी अन्य कमरे में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जाए। पानी बरसने पर पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो जाती है। बताया जाता है कि स्कूलों की छतों के प्लास्टर उखड़े पड़े हैं, जिनकी मर मत नहीं कराए जाने से पानी अंदर घुसता है। इस बारे में एक हेडमास्टर ने बताया कि सरकार आदेश देती है लेकिन बजट की व्यवस्था नहीं करती है,इसलिए काम नहीं हो पाता है।

### खेल सामग्री भी नहीं आई

शासकीय स्कूलों में खेल सामग्री प्रति वर्ष दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से खेल सामग्री का वितरण नहीं किया गया। इसलिए स्कूलों में खेल गतिविधियां शून्यप्राय हैं। बच्चों को खेलकूद की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा अधिकांश स्कूलों में न तो खेल प्रशिक्षक हैं और न नहीं पर्याप्त मैदान इसलिए भी खेलकूद बंद पड़े हैं। शासन खेलों को बढ़ावा देने के लिए भले ही घोषणाएं करती हो लेकिन मैदानी स्थिति कुछ और ही रहती है। ग्रामीण अंचल की स्कूलों की हालत तो और भी बदतर बनी हुई है। अधिकारी न तो भ्रमण करते और न स्कूलों की दुर्दशा का अवलोकन कर सरकार को जानकारी भेजते हैं। वर्षों से स्कूलों की दुर्दशा चल रही है और आज भी वही हाल है, लेकिन उसका कोई समाधान नहीं हो रहा है।

### मध्यान्ह भोजन में मनमानी

जिले के मध्यान्ह भोजन की हालत ऐसी है जिसमें स्वसहायता समूहों की मनमानी चलती है। जिले में ऐसी स्कूलें कम ही होंगी जहां मीनू का पालन किया जाता होगा, अधिकांश स्कूलों में खिचड़ी अथवा चावल दाल परोस कर काम चलाया जा रहा है। बच्चों को कभी कभार कढ़ी अथवा चने की सब्जी का स्वाद मिलता है, बेस्वाद भोजन होने के कारण बच्चे भरपेट भोजन भी नहीं कर पा रहे हैं। मध्यान्ह भोजन की मॉनीटरिंग करने के लिए जिला पंचायत में एक पृथक से शाखा ही संचालित की जा रही है, इसके बाद भी हालत खस्ता है। इसके अलावा बीएसी व सीएसी भी स्कूलों में भ्रमण करते हैं उनके द्वारा भी कभी जानकारी नहीं भेजी जाती है। सबने अपने समीकरण बना रखे हैं।

## खबर संक्षेप

### वार्ड नं. 18 में भागवत के आयोजन पर निकली कलश यात्रा



**शहडोल।** श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के तैयारी को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, इसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष और श्रद्धालु बच्चे आदि शामिल थे, नगर के वार्ड नंबर 18 बड़ी भीट के पास रहने वाले सेवा निवृत कर्मचारी श्याम सरोज मिश्रा के यहां संगीत में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान की शुरुआत हुई है। यहां कथा व्यास डॉक्टर दयाल गौतम जी महाराज मैहर धाम के द्वारा अपनी अमृतवाणी से कथा का रसपान कराया जाएगा, कलश यात्रा शारदा मंदिर पुलिस लाइन शहडोल से धूमधाम के साथ निकाली गई, जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे, आयोजनकर्ताओं की ओर से अरुण मिश्रा ने नगर वासियों से इस आयोजन में शामिल होकर श्रवण लाभ लेने कीअपील की है।

### हनुमान मंदिर परिसर तालाब में किया श्रमदान

**शहडोल।** जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढाएं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जयसिंहनगर के हनुमान मंदिर में स्थित तालाब जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनप्रतिनिधि,व्यापारी, गणमान्य नागरिक, जन अभियान परिषद, स्वयं सेवी , समाजसेवी जल का संरक्षण करने का संदेश दे रहे है। परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला शुक्ला की उपस्थिति में चौपाल भी आयोजित की गई जिसमें जल के महत्व बताया गया। श्रमदान कार्य में संपत मिश्रा, राजेश द्विवेदी, रामनारायण पांडेय, अंत्योदय समिति के अध्यक्ष निर्मल द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने महती भूमिका निभाई।

### पक्षियों की प्यास बुझाने रखे सकोरे



**शहडोल।** ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जानवरों एवं पशुओं को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके इसके लिए शहडोल युवा टीम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। आज युवा टीम द्वारा कमिश्नर कार्यालय परिसर एवं कलेक्ट्रेट परिसर के पार्क में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सकोरे रखे गए। इस कार्य में युवा गौरव मिश्रा सहित अन्य युवा शामिल थे। गौरतलब है कि शासकीय कप्तान हाई स्कूल बुढार के प्राचार्य देवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा युवाओं को निशुल्क सकोरे उपलब्ध कराए गए थे।

### रोजगार मेला 17 को

**शहडोल।** शासकीय आई.टी.आई. परिसर शहडोल में 17 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में वी.जी. आटो कॉ पोनेट प्राय. लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात), भारतीय जीवन बीमा निगम, शहडोल, श्रीराम लाईफ इंश्योरेन्स, लिमिटेड, शहडोल, श्री सांई बाबा सिक्योरिटी सर्विस, शहडोल, एस.आई.एस. सिक्योरिटी, अनूपपुर, फिएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अहमदाबाद (गुजरात), यजाकी इंडिया प्राय, लिमिटेड, भायला अहमदाबाद (गुजरात) कंपनियां शामिल होंगी।

# क्या खाक करेगी हमारी सुरक्षा, जब खुद असुरक्षित है पुलिस

**शहडोल में चोर पुलिस अधिकारियों के घरों में चोरी कर पुलिस को दे रहे चुनौती, DSP की घर चोरी के बाद अब ट्रैफिक इंस्पेक्टर के घर हुई चोरी...**



**शहडोल ।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में आम नागरिक को छोड़िए, यहां तो पुलिस का घर भी सुरक्षित नहीं है। ताजा मामला संभागीय मुख्यालय शहडोल से सामने आया है । जहां बेखौफ चोर पुलिस अधिकारियों को अपना निशाना बना कर उनके घरों में चोरी कर रहे है। एक दिन पहले शहडोल में डीएसपी योगेंद्र सिंह के सरकारी आवास में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था एक दिन बीता भी नहीं था को चोरों ने पुलिस लाइन में स्थित ट्रैफिक निरीक्षक के घर में



धावा बोलकर चोरी को अंजाम दिया , लगातार पुलिस अधिकारियों के यहां हो रहे चोरी ने पुलिस की ही सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया....।

पहली चोरी की घटना कोतवाली अंतर्गत जेल बिल्डिंग के पीछे रहने वालेअ विशेष शाखा शहडोल में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ योगेंद्र सिंह के सरकाई सुने आवास में चोरों ने बीती रात्रि धावा बोलते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया, रीवा गए डीएसपी के घर से चोर लैपटॉप और घड़ी चुरा ले गए, लौटने पर टूटी खिड़की और सामान गायब मिला, नौकर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज मामले की जांच कर ही रहे थी कि एक और चोरी की वारदात सामने आई, जिसमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर शिवेंद्र भगत के पुलिस लाइन स्थित शासकीय आवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया ,यही भी चोरी उस वक्त हुई जब ट्राफिक निरीक्षक घर में ताला लगाकर रीवा गए हुए थे, और बताया जा रहा ही ट्रैफिक निरीक्षक घर में तला लगाकर चाभी वही टेबिल के नीचे रखकर चले गए थे, जिससे जानकार चोर आए उनके घर का ताला खोलकर चोरी की





घटना को अंजाम दिया, ट्रैफिक निरीक्षक के सहयोगी की शिकायत पे कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर इस बात का पता लगाने में जुट गई है कि आखिर ऐसा कौन चोर है जो पुलिस को टारगेट कर उन्हीं के घरों में चोरी को अंजाम दे रहे है। इस पूरे मामले में शहडोल एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान का कहना है कि विशेष शाखा में पदस्थ DSP के सुने मकान में चोरी की घटना सामने आई है वही पुलिस लाइन में ट्रैफिक निरीक्षक के सुने मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, दोनो की शिकायत पे कोतवाली में मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है



## केंद्रीय चिकित्सालय के सामने फिर सजने लगा बाजार

**धनपुरी।** सोहागपुर एरिया मुख्यालय के महाप्रबंधक कार्यालय के ठीक सामने तथा बुढार केंद्रित चिकित्सालय के सामने से होकर गुजरने वाले मार्ग में बीते माहों में एसईसीएल के सुरक्षा विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटाया गया था, यहां मुख्य मार्ग पर ही बड़ी संख्या में दुकानें संचालित थी, जिससे आवागमन बाधित होता था और आए दिन दुर्घटना भी कार्य होती थी, वहीं पूरे समय सामाजिक तत्वों का डेरा रहता था, जो अस्पताल में आने जाने वाली महिलाओं, किशोरियों के साथ छेड़खानी करते थे, सोहागपुर एरिया के सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह के द्वारा चालू की गई मुहिम में यहां से सभी ठेला कारोबारी को हटाया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली थी, एक बार फिर एरिया मुख्यालय के सामने इस स्थान पर ठेला कारोबारी खड़े नजर आने लगे हैं, यदि समय रहते एक बार फिर कार्यवाही नहीं की गई, तो दोबारा रीजनल वर्कशॉप के सामने इस तरह की अवैधानिक तौर पर बाजार सजेगा और आने जाने वाले महिलाओं बच्चों आदि को परेशानी का सामना भी करना पड़ेगा, इस संदर्भ में एरिया के सुरक्षा विभाग को स्थानीय लोगों के द्वारा एक शिकायत पत्र भी दिया गया है और उनसे कार्यवाही की अपेक्षा भी की गई है।

# केवाईसी नहीं होने से राशन नहीं दे रहे हैं और लोगों से केवाईसी के नाम पर मांग रहे हैं पैसा

**बिजौरी।** मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी टोला में कोटेदार अभिनव दुबे की मनमर्जी का शिकार ग्रामीण जनता हो रही है बताया जा रहा है कि जिन लोगों का केवाईसी नहीं हुआ है उनका राशन नहीं दे रहे हैं और इतना ही नहीं केवाईसी करने के नाम पर लोगों से पैसा भी मांग रहे हैं ग्रामीण लोगों का कहना है कि ना ही वह ढंग से लोगों के साथ पेश आ रहे हैं बताया जा रहा है कि ऐसे कई ग्रामीण जन है जो आज 3 माह से केवाईसी नहीं होने के कारण उनका राशन नहीं दिया जा रहा है।

अभिनव के राज में कब तक पीसेगी आम जनता करौंदी टोला के ग्राम पंचायत के कोटेदार अभिनव दुबे के बुरे रवैया के कारण लोग अपने यहां राशन लेना पसंद नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनके व्यवहार के मुताबिक लोग अन्य जगह राशन और केवाईसी करवाने जा रहे हैं बताया जा रहा है कि अभिनव के बुरे बर्ताव के कारण कई लोग तो राशन लेने जाना ही बंद कर दिए हैं और इतना ही नहीं जिन व्यक्तियों का केवाईसी नहीं है उनका राशन भी देना बंद कर दिए हैं



### केवाईसी के नाम पर मांग रहे हैं अभिनव पैसा

अभी हाल ही में सामने आया है कि अभिनव एक व्यक्ति से केवाईसी नहीं होने के कारण राशन देना बंद कर दिए थे और और उसे व्यक्ति से केवाईसी के नाम के पैसे की डिमांड की फिर वह गरीब व्यक्ति के पास पैसे ना होने के कारण वही एक कोटेदार बृजभूषण तिवारी जी हैं जिनके यहां वह व्यक्ति जाकर अपना निशुल्क केवाईसी कराया फिर उसके बाद उसको राशन दिया गया क्योंकि अभिनव दुबे के बुरे बर्ताव के कारण करौंदी टोला की आम जनता खून की तरह पीस रही है बताया जा रहा है क्या सालों से पैदस्त होने के कारण और लोकल होने के कारण लोगों से बहुत ही बुरा बर्ताव कर रहे हैं

### वजन में भी कर रहे हैं झोलझाल

ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिनव दुबे राशन देते समय भजन में भी कटौती करते हैं लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति उनके यहां से राशन लेता है अगर वह 35 किलो लेता है तो उसे 34 किलो ही प्राप्त होता है ऐसी कई घटनाएं है लेकिन इसका विरोध जानता नहीं कर पा रहे क्योंकि आम लोगों को कहना है कि अगर हम इसका विरोध करते हैं तो वह हमें राशन देना कहीं बंद न कर दें लोग कई लोगों को पहले 35 किलो राशन मिल रहा था लेकिन अभिनव दुबे कई लोगों को 30 किलो ही राशन दे रहे हैं जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया तो उनका कहना है कि आपका राशन शासन द्वारा कटौती कर दी गई है इसलिए आपको काम दिया जा रहा।

## छात्रावासों की साफ-सफाई तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के किए जाएंगे प्रयास- कलेक्टर



**शहडोल।** विकास के समान अवसर उपलब्ध कराकर विकसित समाज की स्थापना में सभी सहभागी बनें। शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी एवं आम जन के समुचित विकास हेतु अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले ये प्रयास हम सब को मिलकर करना है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रशिक्षण, पुस्तकालय की व्यवस्था, छात्रवृत्ति समय पर मिले उनकी काउंसलिंग कर स्वरोजगार एवं अन्य योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। जिससे विकसित एवं समतामूलक समाज की स्थापना हो। ये निर्देश अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में आरपी साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा कि छात्रावासों की साफ-सफाई तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के प्रयास किए जाएगें। आपने बताया कि जिले में 5842 पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियो को 5 करोड़ 74 लाख रूपये की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, पिछड़ा वर्ग सिविल प्रोत्साहन योजना के तहत 24 विद्यार्थियों को 4लाख 35 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण, कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 4 विद्यार्थियों को मेधावी राशि का वितरण किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से 47 हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने, 6926 जाति प्रमाण पत्र, राज्य शासन पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति योजना से 27213, पोस्ट मैट्रिक पिडड़ा वर्ग छात्रवृत्ति से 6649 तथा निशक्त छात्रवृत्ति का 28 हितग्राहियों को लाभ दिया गया। चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में 152 विद्यार्थियो को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्लेसमेन्ट ड्राईव में 102 हितग्राहियों को, मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना में 23730 हितग्राहियों को तथा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में 85683 पिछड़ा वर्ग की बहनाओं को लाभान्वित किया गया है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले पिछड़ा वर्ग के 138 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, अन्न योजना के तहत खाद्यान्न वितरण का लाभ, जॉब फेयर के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के 255 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# पी.एच.डी. कोर्स वर्क का उद्घाटन सत्र संपन्न

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में पी.एच.डी. कोर्स वर्क 2024-2025 के लिए उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शोधार्थियों के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत के रूप में देखा गया, जिसमें ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मंत्रोच्चारण और वैदिक परंपरा के अनुसार हुई इस आरंभिक क्रिया ने पूरे सभागार को एक दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। मु य अतिथि एवं मु य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर रामशंकर ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में शोध के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, शोध न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि समाज के समक्ष उपस्थित जटिल समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करता है। शोधार्थियों को अपने विषयों के प्रति गहनता से जुड़कर कार्य करना चाहिए, जिससे उनकी खोजें समाजोपयोगी बन सकें। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ज्ञान का संवर्धन और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने शोध की नैतिकता, मौलिकता और अनुशासन पर भी बल दिया। सभी छात्रों से उनके पास जाकर शोध की गहन चर्चा की।



अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

# शादी के 20 साल बाद भी संतान नहीं होने पर आपत्तिजनक बात कहने पर पड़ोसी ने पड़ोसी की पीट-पीट कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** शहडोल जिले के ब्यौहारी में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था, जहां ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम बडेरी में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने 20 साल की शादी के बाद भी बच्चे नहीं होने पर ताना मारा था और कहा था कि एक बार अपनी पत्नी को मेरे साथ भेज दो, मैं बच्चे पैदा कर दूंगा। इस अपमानजनक टिप्पणी से भड़के व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम बडेरी निवासी राजेश साकेत नामक ग्रामीण की पीट पीट कर अधमरा अचेत अवस्थाएं फेंका दिया था ,जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जिस हत्या की आशंका जाहिर करते हुए ब्यौहारी पुलिस ने इस मामले की पड़ताल में जुट गई तो हैरान कर देने वाला मामला सामने आया , दरअसल मृतक राजेश साकेत के पड़ोसी नन्हे लाल सिंह गोंड के शादी के 20 साल बाद भी संतान नहीं होने पर मृतक राजेश



30 मार्च की रात ताना मारते हुए संतान नहीं होने पर उसकी पत्नी को अपने साथ भेजे देने पर बच्चा पैदा कर देने की बात कही जो कि नन्हे को नागवारा गुजरी और दोनों में विवाद हो गया , और देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया , नन्हे ने राजेश की पीट पीट कर अधमरा अचेत हालत मेंहुआ के पेड़ के पास फेंक दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी ,इस दौरान नन्हे मौके से फरार हो गया था, जिसे ब्यौहारी पुलिस ने राजेश की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वही इस पूरे मामले में ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पांडेय का कहना है कि दो पड़ोसियों के बीच परिवार की महिला को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर विवाद हो गया, जिस पर एक पड़ोसी दूसरे पड़ोसी के साथ जानलेवा मारपीट किया था ,जिससे उपचार के दौरान पड़ोसी की मौत के बाद आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का मामला आया सामने

**अनुपपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कॉलोनी में रविवार की रात को शैलेश सिंह पिता अहिवरण सिंह निवासी कल्याणपुर खूंटाटोला के साथ गोविंदा कालरी निवासी हूबलाल यादव अपने भतीजे राहुल एवं सनी यादव को साथ लेकर दुकान से सामान लेकर पेमेंट न किए जाने के दौरान हुए विवाद पर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। किसी प्रकार स्थानीय लोगों द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपियों के द्वारा दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पुलिस ने आरोपी चाचा हूंबलाल एवं उसके दोनों भतीजे पर धारा 296, 115(2) 351(3) का मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही कर रही है। बताया जाता है की हूंबलाल थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है जिसके खिलाफ अवैध शराब बेचने मारपीट गुंडागर्दी करने जैसे अनेक मामले दर्ज हैं।

### धमकी दिए जाने को लेकर शिकायत दर्ज

**कोतमा ।** थाना अंतर्गत रेऊला गांव में रहने वाले राजेंद्र ने अपने ही परिचित के संतलाल के खिलाफ विवाद करते हुए गाली गलौज कर धमकी दिए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच मनमुटाव बना रहता है जिसको लेकर शिकायत आई है जांच की जा रही है।

### 40 वर्षीय महिला के बिना बताए चले जाने का मामला आया सामने

**कोतमा।** थाना अंतर्गत लेदरा गांव में रहने वाली 40 वर्षीय महिला के घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। परिजन राजभर पाव 45 वर्ष के द्वारा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पर पुलिस के द्वारा गुम इंसान कायम करते हुए महिला की तलाश में जुट गई है।

### सभी माइनिंग सरदारों का पीएचडी संडे अगले सप्ताह चालू हो जाएगा- श्रीकांत शुक्ला



**जमुना/बदरा।** जमुना कोतमा हैंड कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा क्षेत्र के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के समस्त माइनिंग सरदार को सूचित किया जाता है कि प्रबंधन द्वारा एक तरफा कार्रवाई करते हुए जमुना कोतमा क्षेत्र में जो संडे एवं पीएचडी की ड्यूटी आप सभी का क्षेत्र में बंद कर दिया गया है वह अगले संडे से चालू हो जाएगा।

### जमुना छठ तालाब मे श्रमदान कर की गई सफाई



**जमुना/बदरा।** 14 अप्रैल को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में वि.ख.अनूपपुर सेक्टर क्र. 4 नवांकुर संस्था पसान नगर पालिका पसान मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, पार्षद अजय यादव, सीएमसीएलडीपी छात्र परामर्शदाता द्वारा जमुना छठ तालाब में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्रोतों एवं जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई एवं श्रमदान कर आम नागरिकों से तालाब साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु अपील कि गई एवं एकत्रित कचरे का उचित निपटारण किया गया। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था पसान प्रतिनिधि विकास कुमार मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, पार्षद अजय यादव, परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह, श्रीमती शारदा चौरसिया, सीएमसीएलडीपी छात्र मीनू तिवारी, मालती वर्मा, सना फातिमा, ईश्वरी देवांगन, शुभम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पारस राज मुखर्जी एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही उपस्थित रहे।

# किरन टॉकीज शहडोल स्थित शासकीय जमीन को बचाने क्रमिक अनशन जारी



**शहडोल।** पौराणिक बावली व दुर्गा पूजा की धार्मिक सार्वजनिक उपयोग की किरन टॉकीज शहडोल स्थित शासकीय जमीन को बचाने के क्रम में क्रमिक अनशन के 11 वें दिन अनशनकारियों प्रदीप कुमार लालवानी समीर खान का जत्था बैठा है। अनशनकारियों को बिठाने पूर्व सरपंच किसान नेता रोहिणी प्रसाद जायसवाल मौजूद रहे जिन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर आंदोलनकारी नौजवानों को मस्तक पर तिलक लगाकर संघर्ष के संकल्प के साथ बैठाया।
पूर्व कोटमा के सरपंच किसान नेट रोहिणी प्रसाद जायसवाल ने नौजवानों को इस संकल्प के साथ तिलक लगाकर बैठा है कि वह जल स्रोत मां दुर्गा पूजा की जमीन के संघर्ष में अंतिम लड़ाई तक साथ रहेंगे। रानी प्रसाद ने कहा कि भाजपा के जिला अध्यक्ष को जो अभी-अभी जिनकी नियुक्ति हुई है उन्हें विवादों से बचना चाहिए और अपने परिवार को भी रोकना चाहिए कि वह जमीनों पर नजर करना बंद करें छपरा परिवार की जमीनों की लूट नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को कहीं का ना छोड़ेगी । जिला प्रशासन सीमांकन की जांच साधनी ग्रुप से प्रकाशित कर अतिक्रमण को हटाकर पौराणिक बावली की साफ सफाई कर मोहन यादव सरकार के मंसूबे को पूरा करें ।

# पुल बनने के बाद भी धनपुरी के मुख्य मार्ग से चल रहे कोयले के वाहन

**धनपुरी।** लगभग 6 महीने पहले तेज बारिश के बाद बघईया नाले के ऊपर बना पुल जो की जर्जर हो गया था और इस कारण से इस मार्ग से आवा गमन पूरी तरह से बंद हो गया था इसके बाद यहां से जो कोयले से भरे वाहन साइडिंग तक जाते थे वह धनपुरी नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरने लगे कुछ दिनों तक तो इस समस्या को देखते हुए विरोध के स्वर इतने मुखर नहीं हुए लेकिन धीरे-धीरे जब पुल का निर्माण नहीं कराया जा रहा था तो यहां से कोयला भरकर जो वाहन आवा गमन कर रहे थे उसे लेकर विरोध भी उठने लगे इसके बाद एसईसीएल सोहागपुर प्रबंधन के द्वारा इस जर्जर पुल के सुधार को लेकर टेंडर जारी किया गया और अब करीब 15 लख रुपए की लागत से जर्जर पुल का सुधार कराया गया है और आवा गमन के लिए इसे शुरू भी कर दिया गया है लेकिन इसके बाद भी अगर देखा जाए तो पूर्व में जो कोये के वाहन इस मार्ग से आवागमन करते थे वह पुल बनने के बाद भी यहां से आवागमन नहीं कर रहे हैं



बल्कि धनपुरी के बीच शहर से पूरे दिन सैकड़ो की संख्या में कोयला भरकर बड़े-बड़े वाहन आवा गमन कर रहे हैं जिस कारण से शहर की यातायात व्यवस्था तो प्रभावित हो रही है लेकिन इससे और भी समस्याएं देखने को मिल रही है देखा जाए तो इस मार्ग पर कोलडस्ट की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है आज इस मार्ग के अगल-बगल देखा जाए तो बड़ी संख्या में लोगों की दुकान और मकान है जो कि इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित नजर आ रहे हैं सवाल इस बात का उठता है कि जब पुल बनकर तैयार हो चुका है तो फिर इन वाहनों पर रॉक क्यों नहीं लगाया जा रहा है और जैसे पर्व की भांति बायपास मार्ग होकर इसी मार्ग से सायडिंग तक कोयला पहुंचता था इस मार्ग से इन्हें आवागमन करना चाहिए शहर के अंदर देखा जाए तो पूरे दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है जिस कारण से आम नागरिक परेशान हो रहे हैं इतना ही नहीं हर समय दुर्घटनाओं का भी डर बना रहता है जिस कारण से अब धीरे-धीरे लोगों में भी इसे लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।
व्यापारी अनिल जायसवाल का कहना है कि जब पुल का सुधार कर दिया गया है तो फिर इस मार्ग से कोयले के वाहनों पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा है आज समस्या किस तरह से लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है इसे देखा जा सकता है सड़कों की हालत भी जर्जर हो रही है जो की आने वाली समय में नागरिकों को की समस्या को बढ़ाएगी डस्ट भी गंभीर समस्या बन गई है जो कि पूरे दिन सड़क पर देखा जा सकता है आसपास बड़ी संख्या में लोगों के मकान है सड़क किनारे दुकान हैं जिन्हें सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है और इसे देखते हुए शहर के अंदर से जो बड़े-बड़े वाहन कोयले के आवागमन कर रहे हैं उन पर रोक लगाई जाए और पूर्व की भांति ही बायपास मार्ग से उनका आवागमन शुरू कराया जाए।

# ज्ञानोदय में मनाई गई बाबा अंबेडकर की जयंती



**शहडोल।** ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर में बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्म जयंती को इस अवसर पर वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, एडीएम सरोधन सिंह सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम. पी. सिंह, प्रोफेसर डॉ. के. कुमार विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नायकों द्वारा उनके बाबा साहेब के जीवन पर आधारित चित्र कला की प्राधानानी सिखाई गई, साथ ही जल गंगा समृद्धि पर ड्राइंग एवम निबंध लेखन रंगोली बनाई गई, जिसके लिए विधार्थी को पुरस्कृत भी

### घायल मोर को चम्मच से पानी और भजन देने में जुटा प्रबंधन

**शहडोल।** बांधवगढ़ रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में बीते दिवस पनपथा बफर क्षेत्र के सरिया के जंगल में सड़क के किनारे एक घायल मोर की सूचना मिलने पर प्रबंधन के कान खड़े हो गए, प्रबंधन की गश्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल पड़े मोर को अपने साथ कार्यालय लाया गया, राष्ट्रीय पक्षी मोर को बचाने के लिए बीटीआर की टीम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। डॉक्टरों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मोर का इलाज शुरू कर दिया गया, चिकित्सकों ने मोर को चम्मच से पानी पिलाया और अपने हाथों से भोजन कराया। यह बताया गया कि कुछ दिनों में मोर पूरी तरह स्वस्थ हो जाएगा, इसके बाद उसे वापस जंगल में छोड़ दिया जाएगा, फॉरेस्ट एरिया के उपसंचालक पी के वर्मा कहते हैं कि इसी तरह सभी पशु पक्षियों की निगरानी की जाती है और उनकी सुरक्षा तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बीटीआर प्रबंधन कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ता।

सबसे बड़ी ओपन कास्ट कोयला उत्पादन में सबसे आगे लेकिन खदान में चलने लायक नहीं सड़क

# बरसात में कीचड़ तो गर्मी में उड़ती डस्ट बढ़ाती है परेशानी



**धनपुरी ।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया की कोयला खदानों में वैसे तो समस्याएं कई हैं लेकिन एक समस्या ऐसी है जो आज कर्मचारियों के लिए सबसे अधिक परेशानी का कारण बनी हुई है खदानों में कोयले का उत्पादन होता है उत्पादन होने से प्रबंधन को करोड़ों का मुनाफा भी होता है लेकिन खदानों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की दिशा में कल ठोस प्रयास किए जाते हैं ऐसा देखने को नहीं मिलता वर्तमान में अगर देखा जाए तो एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट माइंस अमलाई ओसीएम जहां पर विगत तीन वर्षों से अगर देखा जाए तो कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है और लगातार यह ओपन कास्ट माइंस करोड़ों के मुनाफे पर चल रही है लेकिन इस ओपन कास्ट में सड़क की समस्या हर किसी के लिए एक ऐसी समस्या बन चुकी है इसके समाधान की मांग तो कई वर्षों से की जा रही है लेकिन नतीजा कुछ भी नजर आ रहा है।
ओपन कास्ट गेट से लेकर उप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय तक सड़क की हालात पूरी तरह से खस्ता हाल हो चुकी है गेट के पास ही अगर देखा जाए तो सड़क का ऐसा नजारा है कि इस पर से आवा गमन करना बेहद ही मुश्किल भरा होता है यहां से लेकर प्रबंधक कार्यालय तक करीब 1 किलोमीटर से भी अधिक की सड़क पूरी तरह से जर्जर है जिस कारण से इस मार्ग से आवागमन करना काफी मुश्किलों भरा होता है 3 वर्ष से इस बात को सुना जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण होगा लेकिन निर्माण कार्य को लेकर फाइल अब तक कहां पहुंची यही समझ के परे है यही कारण है कि यह सड़क जर्जर हालत में देखी जा रही है और इस कारण से खदान काम करने आने वाले कर्मचारियों को सबसे अधिक परेशान होना पड़ रहा है ओपन कास्ट गेट से अगर देखा जाए तो यहीं पर सड़क की हालत ऐसी है की बरसात के समय पर सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है जिस कारण से दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं अब गर्मी का मौसम आ रहा है पूरे दिन धूल से लोगों को परेशान होना पड़ेगा।एरिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट में सड़क की जो हालात है वह एक गंभीर चिंता का विषय भी कहा जा सकता है कहने को सिविल विभाग 3 वर्षों से यही बात कह रहा है कि सड़क निर्माण को लेकर टेंडर बुलाए जा रहा है जल्द सड़क बनाया जाएगा लेकिन सड़क बनाकर तैयार कब होगी इस बात का जवाब नहीं दिया जा रहा है करोड़ों रुपए का लाभ देने वाली यह ओपन कास्ट आज सड़क जैसी मूलभूत समस्या से परेशान है और इस समस्या के समाधान को लेकर ठोस नतीजे देखने को नहीं मिल रहे हैं बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिदिन खदान अपने काम के लिए इसी मार्ग से होकर आते हैं सड़क की हालत की वजह से सभी परेशान होते हैं और यही वजह है कि इसे लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं देखना यह होगा की एरिया की सबसे अधिक लाभ देने वाली इस ओपन कास्ट माइंस में जर्जर सड़क का निर्माण कब होगा।

# शासकीय अस्पताल में मरीजों को फूड बास्केट वितरण




**जमुना/बदरा।** टीवी मुक्त भारत के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय छह उन्मूलक कार्यक्रम संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा है शासकीय अस्पताल डीएमसी में टीवी जांच के लिए आए हुए मरीजों को टीवी पॉजिटिव निकलने पर टीवी की दवा सरकार द्वारा मुफ्त में उपलब्ध कराई जा रही है साथ में डीबीटी के रूप में प्रति माह मरीज के खाते में 1000 छह महीने तक दिया जा रहा है इसी संदर्भ मे कोतमा शासकीय अस्पताल में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बेबी नज शेख द्वारा 15 अप्रैल को नेक कार्य करते हुए निश्चित मित्र के रूप में कोतमा डीएमसी में टीवी के मरीजों को फूड बास्केट दिया गया जिससे मरीज दवा के साथ प्रोटीन और आयरन से भरपूर अच्छा भोजन लेने से जल्द ठीक हो जाता है डॉक्टर बेबी नाज का टीवी के प्रति समर्पित भाव उनकी संवेदना सराहनीय है मरीज के प्रति उनका स्वभाव बहुत नरम और स्नेह पूर्ण है इस दौरान डॉक्टर की विशेषता को दर्शाता है इस दौरान सम्मिलित टीम एसडीएस शिवकुमार नामदेव, ज्योति गुप्ता, मंजू केरकट्टा, रेडियोग्राफर इशरत खान, धनंजय, नवरंग आदि लोग उपस्थित रहे।



# जय भीम जय अंबेडकर के नारों से गूंज उठा विद्युत नगरी चचाई

**चचाई।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती का कार्यक्रम एवं महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ चचाई के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा द्वारा शुरू किया गया, इस दौरान विद्युत नगरी में जय भीम के नारों का जय घोष किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि तनवीर अहमद मुख्य अभियंता अमरकंटक ताप विद्युत गृह द्वारा बाबा साहब के शिक्षा प्राप्त करने के दौरान किए गए संघर्षों का उल्लेख किया गया साथ ही शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह पूर्व संयुक्त कलेक्टर एवं डी. आर. बांधव द्वारा बाबा साहब के समाज हित में एवं आधुनिक भारत के निर्माण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया साथ ही बिरसा मुंडा द्वारा देश के स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान को याद किया गया, छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए , इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डी एस. राव, एम. एल. अहिरवार, यू. एस.मालवीय एवं समाजसेवी जीतू सिंह परिहार, फुक्कू सोनी, श्रीमती रश्मि खरे, श्रीमती ज्योति शर्मा, राजेश रजक व अन्य पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अध्यक्ष आर के पाहुरकर एवं संघ के अध्यक्ष सुनील कोरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के दिन किया गया आम सभा का आयोजन

**कोतमा।** 14 अप्रैल सोमवार डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के दिन नगर के समाजसेवियों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आम सभा का आयोजन किया गया। नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर अपने-अपने विचार रखे गए। पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल, देवशरण सिंह, दीपक पटेल, नवल सराफ, धीरेंद्र जैन, हामिद अली, अख्तर हुसैन, राजेश खटोड, मनमोहन ताम्रकार, इंद्रवती सिंह, दुर्गा सिंह कोर्राम सहित अन्य नगर वासी उपस्थित रहे। सभी के द्वारा नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की भर्ती कराए जाने व स्वास्थ्य सुविधा सुधारे जाने को लेकर अपने-अपने विचार रखे गए। लोगों का कहना था कि जिले के प्रमुख नगर होने के बाद भी एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर का ना होना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। आयोजन समिति के प्रमुख देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी नगरवासियों के सहयोग से लगातार डॉक्टरों की भर्ती, दवाइयां वितरण व मशीनी उपकरण बढ़ाए जाने को लेकर लगातार मांग जारी रखा जाएगा।



## खबर संक्षेप

### श्री राम द्विवेदी होंगे विशेष आमंत्रित सदस्य



**चन्नौडी।** गत दिवस बकहो मंडल द्वारा घोषित कार्यकारिणी में बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत निमुहा निवासी वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता श्री राम द्विवेदी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है जिसमें उनके इष्ट मित्रों मित्र मंडली में उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर हार्दिक बधाई दी है। समाजसेवी श्री राम द्विवेदी सदैव शिक्षा स्वास्थ्य मैं किस प्रकार से ग्रामीण जनों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए वह सदैव ऐसे कार्यों के लिए अग्रणी रहकर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हैं।

### ग्राम कुंआ में खुला जन औषधी केन्द्र

**कटनी।** जिले के बहोरीबंद तहसील में स्थित कुआं बहुद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति पैक्स में जन औषधि केन्द्र खुल गया है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के तहत यहां पैक्स कुआं में जन औषधि केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को बाजार दर से सस्ती, गुणवत्ता पूर्ण दवाईयां बड़ी सहजता से मिल सकेंगी'। यहां समिति को दवाइयां बेंचने के लिए ड्रग लाइसेंस भी प्रदान किया गया है। कुंआ निवासी अखिलेश कुमार कहते हैं कि सस्ती दवाइयों का यह जन औषधि केन्द्र कुंआ और आस - पास के 40-50 गांवों के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

### 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला

**कटनी।** राष्ट्रीय साहित्य एवं पुस्तक मेला समिति के तत्वाधान में 16 अप्रेल से 20 अप्रेल तक 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला का आयोजन स्थानीय साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न होने जा रहा हैं। मोबाइल के आधुनिक युग में पुस्तकें अप्रसांगिक होती जा रही हैं जबकि पुस्तकों का हमारे जीवन में व्यक्तित्व विकास के साथ ही ज्ञान, विज्ञानं, मनोरंजन और अनूभूति के रूप में व्यापक प्रभाव पड़ता हैं, इसी भावना के साथ हमारी वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ी को इस अदभुत संसार से जोड़ने के क्रम में यह आयोजन अपनी भूमिका का निर्वहन करने जा रहा हैं।

### गुरूद्वारे में मनाया गया वैसाखी पर्व, प्रसाद वितरित

**कटनी।** खालसा पंथ के सृजन दिवस बैसाखी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बरही रोड स्थित शहर के प्रमुख गुरुद्वारे में आकर्षक सजावट की गई। यहाँ सुबह 9 बजे से 12 कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जबलपुर से आए रागी जत्थे भाई नरेंद्र सिंह जत्था द्वारा कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद लंगर का आयोजन हुआ। भोग, कीर्तन, आनंद साहब का पाठ, अरदास और गुरु के लंगर के साथ बैसाखी पर्व मनाया गया। गुरुद्वारे में गिद्दा और भांगड़ा हुये पर्व फसल की कटाई और नई फसल की खुशी में मनाई जाती है।

### उमरिया से दो मोटर सायकल चोर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** माधवनगर पुलिस ने एक मोटर सायकल के चोरी के मामले में तहकीकात करते हुए 2 चोरो को उमरिया जिले से पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए चोर जिले मे माधवनगर के कैम्प में मजदूरी का काम करने आये थे और कुछ दिन काम करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद रफू चक्कर हो गए थे। माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 11 अप्रैल की रात 10 बजे दोनों आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए शनि चौक माधवनगर से एक हीरो कंपनी की पेशन प्रो मोटर सायकल चुरा ले गये थे। पुलिस ने बताया कि सौरभ दास पिता शंभु दास उम्र 30 साल निवासी संजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की रात्रि अपनी मोटर सायकल पेशन प्रो MP 21 ML 6703 घर के चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आसपास एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये। संदेही भूपेन्द्र सिंह पिता ध्यान सिंह उम्र- 27 वर्ष निवासी ग्राम करौंदी थाना कोतवाली जिला उमरिया व निरंजन सिंह पिता सुखनंदन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम करौंदी थाना कोतवाली जिला उमरिया को उमरिया से पकड़कर पूछताछ की।

#### पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में पीएचडी कोर्स वर्क 2024-25 का उद्घाटन सत्र भव्य रूप से सम्पन्न

# शोध न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि समाज के समक्ष उपस्थित जटिल समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करता है

**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में पी.एच.डी. कोर्स वर्क 2024-2025 के लिए उद्घाटन सत्र का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम शोधार्थियों के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत के रूप में देखा गया, जिसमें ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मंत्रोच्चारण और वैदिक परंपरा के अनुसार हुई इस आरंभिक क्रिया ने पूरे सभागार को एक दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर रामशंकर ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में शोध के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, शोध न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि समाज के समक्ष उपस्थित जटिल समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करता है। शोधार्थियों को अपने विषयों के प्रति गहनता से जुड़कर कार्य करना चाहिए, जिससे उनकी खोजें समाजोपयोगी बन सकें। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ज्ञान का संवर्धन और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने शोध की नैतिकता, मौलिकता और अनुशासन पर भी बल दिया। सभी छात्रों से उनके पास जाकर शोध की प्रखर चर्चा



की। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने शोध की प्रक्रिया, उसकी संरचना और गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शोध के दौरान आने वाली चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध एक सतत प्रक्रिया है जो केवल पुस्तकालयों या लैब तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ से भी जुड़ी होती है। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता बाथरे ने पी.एच.डी. कोर्स वर्क की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कोर्स वर्क में शोध पद्धति, शैक्षणिक लेखन, आंकड़ों का विश्लेषण, शोध नैतिकता आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया है, जिससे शोधार्थियों की बौद्धिक क्षमता और शोध कौशल का विकास हो सके। सह-संयोजक डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी विशिष्टजनों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह कोर्स वर्क शोध के प्रथम चरण का महत्वपूर्ण पड़ाव है, और हम सभी मिलकर इसे गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी बनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संतोष पुरी ने अत्यंत संयमित, सहज और प्रभावशाली शैली में किया। उनके कुशल संचालन से कार्यक्रम में अनुशासन और प्रवाह बना रहा, जिससे सभी वक्ताओं के विचार प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत हो सके। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ मनीषा तिवारी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी,डॉ चेतना सिंह विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र परिसर प्रभारी प्रो गीता सराफ,डॉ गंगाधर ?के विभागाध्यक्ष हिन्दी,प्रो नीलिमा खरे विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ,एवं डॉ गणेश सैंड्या एन सीसी प्रमुख एवं डॉ अंजनी सूर्यवंशी, इस्लाम की गरिमामयी उपस्थित के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, शोध मार्गदर्शक, नवप्रवेशी शोधार्थी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हिंद खदान मजदूर फेडरेशन ( एच एम एस) का एक दिवसीय अधिवेशन 25अप्रैल को दिल्ली में



**शहडोल।** आगामी 25अप्रैल को हिंद खदान मजदूर फेडरेशन का एक दिवसीय अधिवेशन नई दिल्ली स्थित अवान गालिब आडीटोरियम में आयोजित होने जा रहा है। विगत सन् 2004 के पश्चात यह अधिवेशन होने जा रहा है। विगत 18अप्रैल को एच एम एस मुख्यालय में संपन्न हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के कार्यकारिणी की बैठक में पहले ही महामंत्री के तौर पर एच एम एस के राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू को चुन लिया गया है। साथ ही नई कार्यसमिति के गठन के लिए भी हरभजन सिंह सिद्धू को ही अधिकृत किया जा चुका है। देश की वर्तमान हालात में इस अधिवेशन का महत्व काफी बढ़ जाता है।एक तरफ सरकार सभी श्रम कानूनों को बदल कर चार लेबर कोड बना कर उसे लागू करने पर आमादा है। वही देश के 11 सेंट्रल ट्रेड यूनियन व कई स्वतंत्र फेडरेशन के द्वारा आगामी 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की घोषणा किए हुवे है। कोयला उद्योग में भी भारतीय मजदूर संघ को छोड़ कर प्रमुख चार सगठनों ने आम हड़ताल की घोषणा कर चुके है। ऐसे में एच एम एस के कोल फेडरेशन का रोल काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। अधिवेशन के बाद बनने वाली नई कार्यसमिति की जिम्मेदारी भी काफी बढ़ चुकी है। आशा की जा रही है की नई कार्यकारिणी कोयला उद्योग में एच एम एस की भूमिका को और प्रभाशाली बनाने मे कारगर भूमिका निभाने में सफल होगी और सभी संबद्ध श्रम संगठन मजबूती व एकता के साथ इस कार्य को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उक्त बाते एक प्रेस विज्ञप्ति में कोयला मजदूर पंचायत (एच एम एस) के केंद्रीय महामंत्री विनय सिंह द्वारा कही गई हैं। अधिवेशन में जाने के लिए विनय सिंह द्वारा अपने पदाधिकारीयों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

# ई-केवाईसी की अनिवार्यता ने गरीबों को किया बेहाल, उमरिया जिले में भूखे पेट सोने को मजबूर सैकड़ों परिवार

#### मानपुर जनपद में कोटेदारों की मनमानी, विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक चुप्पी के बीच त्रस्त आमजन

**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में खाद विभाग की लापरवाही और ई-केवाईसी की अनिवार्यता ने गरीबों की जिंदगी में संकट खड़ा कर दिया है। जिले के मानपुर जनपद पंचायत सहित कई गांवों में हालात ऐसे बन गए हैं कि सैकड़ों गरीब परिवारों को राशन न मिलने के कारण भूखे पेट सोने की नौबत आ गई है। गांव-गांव से ऐसी तस्वीरें और आवाज़ें सामने आ रही हैं जो न सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती हैं, बल्कि मौजूदा तंत्र की असंवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े करती हैं।

### बच्चे भूख से रोते हैं, लेकिन राशन नहीं मिला...

ग्राम पंचायत करौंदी टोला की एक महिला हितग्राही बताती हैं, सुबह से लाइन में खड़ी हूं, दोपहर हो गया, अब तक नंबर नहीं आया। केवाईसी नहीं हुआ तो राशन नहीं मिलेगा, कहकर भगा देते हैं। बच्चे घर पर भूख से रो रहे हैं। यह कहानी केवल एक महिला की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की है। मानपुर जनपद और आसपास के क्षेत्रों में राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है।

### कोटेदार की मनमानी और भ्रष्टाचार का बोलबाला

करौंदी टोला के कोटेदार अभिनव पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वह ई-केवाईसी न होने पर राशन देने से इनकार कर देता है और केवाईसी कराने के नाम पर 50 से 100 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहा है। आरोप यह भी है कि जो हितग्राही विरोध करता है, उसे धमकाया जाता है। बहस करोगे तो कार्ड रद्द कर दूंगा, जैसा शासन से मिलेगा, वैसा ही दूंगा।

### वजन में कटौती, बदसलूकी और डर का माहौल

35 किलो की पात्रता होने के बावजूद अधिकांश ग्रामीणों को 33 या 34 किलो राशन ही दिया जा रहा है। जब कोई पूछता है तो जवाब मिलता है, जहां शिकायत करनी है करो। कई हितग्राही बताते हैं कि कोटेदार द्वारा बदजुबानी की जाती है, जिससे महिलाएं राशन लेने तक जाने से डरती हैं।

### गांवों में अफरा-तफरी, सेवा केंद्र बने वसूली केंद्र

जिले के कई पंचायतों में ई-केवाईसी के लिए लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। कभी सर्वर डाउन, कभी ऑपरेटर गायब, तो कभी सिस्टम खराब – ऐसे में आम लोग धूप में घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं।इसके अलावा, कई सेवा केंद्रों पर ई-केवाईसी कराने के लिए 100 रुपये तक की वसूली की जा रही है। गरीबों की मजबूरी को खुलकर भुनाया जा रहा है और यह पूरी प्रक्रिया आम नागरिकों के लिए मानसिक और आर्थिक शोषण का कारण बन चुकी है।

### प्रशासन मौन अब तक नहीं उठाया गया ठोस कदम

सबसे दुखद पहलू यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद जिला प्रशासन अब तक मूकदर्शक बना हुआ है। न कोई विशेष कैंप लगाए गए, न ही कोटेदारों या सेवा केंद्रों पर निगरानी के आदेश दिए गए हैं। जिनके पास साधन नहीं हैं, जिनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है, वही सबसे ज़्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### ग्रामीणों की मांग, गांव-गांव में लगे ई-केवाईसी कैंप, हो पारदर्शी व्यवस्था

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि हर पंचायत स्तर पर मुफ्त ई-केवाईसी कैंप लगाए जाएं, ताकि वृद्ध, महिलाएं और असहाय लोग भी प्रक्रिया पूरी कर सकें। साथ ही सेवा केंद्रों और कोटेदारों की पारदर्शी निगरानी हो ताकि कोई रिश्वत न ले सके और जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। यह सिर्फ तकनीकी त्रुटि नहीं, यह गरीब की थाली से निवाला छीनने जैसा अपराध है। यदि प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो यह असंतोष किसी बड़े जन आंदोलन की चिंगारी बन सकता है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर ज़मीनी हकीकत को समझे और इस भ्रष्ट व अमानवीय तंत्र पर सख्त कार्यवाही करे।

## चर भैया धाम में हुआ भंडारे का आयोजन



**ब्यौहारी**-विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोंढा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थान चरभैय्या धाम में भंडारे का आयोजन विधायक शरद कोल के निज सचिव शिवेंद्र पटेल की भतीजी आन्वी सिंह पटेल जो बृजेश पटेल एवं डॉ नीतू पटेल की पुत्री हैं उनके जन्मदिन पर किया गया भंडारे में क्षेत्र के विधायक शरद कोल, सांसद प्रतिनिधि विमलेश मिश्रा, सौरभ शुक्ला मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सचिन सिंह बघेल, रामबहोर तिवारी संदीप सिंह धीरज पटेल राम लखन गुप्ता, अंगद पांडे, रितेश श्रीवास्तव मनोज केसरवानी बसंत गुप्ता रमेश यादव इंजीनियर,अमन शुक्ला ,विकास तिवारी, पद्मापणि द्विवेदी ,सुरेश साहू, महावीर साहू,राम सुनील पनिका, संतोष द्विवेदी, पुष्पेंद्र पाठक, राकेश माना , सहित हजारों लोग जन्मदिन पर आयोजित भंडारे में सम्मिलित

## हनुमान जन्मोत्सव पर निमुहा में हुआ धार्मिक आयोजन

**चन्नौडी।** जानकारी के अनुसार श्री श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम निमोहा में इस वर्ष भव्य और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण जनों के अलावा हजारों की संख्या में भक्तों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया श्री शंकर मंदिर सेवा समिति निमुहा के द्वारा हनुमान जन्म की उपलक्ष पर अखंड मानस के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया दो दिवस कार्यक्रम में अंतिम दिवस जबलपुर से पधारे हुए कलाकारों द्वारा झांकी और मंत्र मुक्त करने वाले देवी गीतों और और संगीत में जगराते का कार्यक्रम व प्रस्तुतीकरण की गई जिसे ग्रामीणों ने अत्यधिक सराहा क्षेत्र में पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचीन शंकर समिति निमुहा के सभी सदस्यों का प्रयास और कार्य सारणी रहा कार्यक्रम में पधारे भी सभी अतिथियों ग्रामीण जनों ने अति प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम सदैव होते रहना चाहिए। कार्यक्रम में पधारे हुए



अतिथियों का स्वागत भविष्यवाणी रहा उन्होंने कहा कि वास्तव में ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है ऐसी प्रतिभाओं का हमें सदैव सम्मान करना चाहिए और इन्हें निकालने का पूर्ण प्रयास कार्यक्रम में सभी का सहयोग के साथ पुलिस व्यवस्थाचुस्त दुरुस्त रही जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा समिति के सदस्यों स्थानीय जनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी माहिती भूमिका निभाई कार्यक्रम के समापन मेंशुभम द्विवेदी ने पधारे हुए अतिथियों, ग्रामीण जन, पत्रकार बंधुओ, स्वास्थ्य सुविधाओं, एवं पुलिस व्यवस्था, कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सोसाइटी के चुनाव में इंटक का दिखा दबदबा, सात सदस्यों ने दर्ज की जीत

### इंटक अध्यक्ष कमलेश शर्मा के नेतृत्व में मिले इस जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी

**शहडोल/धनपुरी।** 3 महीने के बाद एसईसीएल सोहागपुर एरिया में सदस्यता सत्यापन होगा और इसके ठीक पहले जिस तरह से के्रडिट सोसाइटी के चुनाव में श्रम संगठन इंटक से जुड़े सात सदस्यों ने जीत हासिल की जो कहीं ना कहीं इंटक की मजबूत स्थिति को दर्शाता है इसके साथ ही के्रडिट सोसाइटी के संचालन समिति के अध्यक्ष पद पर भी इंटक के ही सदस्य ने जीत हासिल की जो की उसकी एकजुटता का संदेश भी देता है ढाई साल के बाद के्रडिट सोसाइटी का चुनाव हो रहा था और इस चुनाव में लगभग लगभग अगर देखा जाए तो श्रम संगठन से जुड़े कार्यकर्ता या पदाधिकारी चुनावी मैदान पर थे यही कारण था की शुरुआत से ही जीत हार को लेकर तरह-तरह के कयास लग रहे थे और नतीजा ने यह बात साबित कर दी की इंटक पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान पर उतरती है 3 महीने के बाद सदस्यता सत्यापन होना है उसके ठीक पहले मिली है जीत कार्यकर्ताओं के उत्साह को भी बढ़ा रहा है और यही मनोबल जुलाई



महीने में जब सदस्यता सत्यापन शुरू होगा तो वहां पर भी देखने को मिलेगा।

### सबसे मजबूत स्थिति में काबिज

एसईसीएल सोहागपुर एरिया में इंटक की कमान मिलने के बाद कमलेश शर्मा ने संगठन को जो मजबूत किया इसका उदाहरण आज देखा जा सकता है श्रम संगठन इंटक जो की 6 वर्ष पहले काफी कमजोर नजर आती थी लेकिन इन्हें जैसे ही इसकी कमान मिली उन्होंने संगठन का स्वरूप बदलने में कहीं कोई कमी नहीं की प्रत्येक खदानों में संगठन को मजबूत बनाया और 6 वर्ष पहले जब सदस्यता सत्यापन हुआ तो किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि इंटक पहले नंबर पर काबिज हो जाएगी और हुआ ऐसा ही और इसके बाद से यह सिलसिला लगातार चलता रहा और 6 साल से वह पहले नंबर पर काबिज रही जो कि संगठन की मजबूत स्थिति को दर्शाता है और कमलेश शर्मा के प्रति कार्यकर्ताओं का भरोसा नजर आता है कमलेश शर्मा इंटक अध्यक्ष के साथ-साथ कंपनी सेफ्टी बोर्ड के सदस्य भी हैं और हमेशा संगठन के हित में कुछ नया करते हैं और उनका कुछ यही नया संगठन को सबसे मजबूत स्थिति में काबिज किए हुए हैं।

### श्रमिकों में सबसे अधिक भरोसा

के्रडिट सोसाइटी के चुनाव में इंटक से जुड़े 7 सदस्यों ने जीत हासिल की जो कहीं ना कहीं उनकी मजबूत स्थिति को बताता है इस पूरे चुनाव में कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित बनाने के लिए काम कर रहे थे और जब नतीजे आए तो वह पूरी तरह से इंटक के पक्ष पर ही नजर आया और एक बड़ी जीत हासिल की के्रडिट सोसाइटी जहां पर ढाई वर्षो से चुनाव नहीं हुआ था और इस वर्ष जब चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई तो इस चुनाव में पूरी मजबूती के साथ इंटक मैदान पर नजर आई लगातार कमलेश शर्मा संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए रणनीति बनाते रहे और उसमें वह सफल भी रहे जिस बात को भी बताता है कि श्रमिकों में सबसे अधिक भरोसा है।

### सदस्यता सत्यापन भी शुरू होगा

आज अगर देखा जाए तो इस चुनाव में मिली जीत के बाद से ही कार्यकर्ताओं में खुशी है इंटक के अध्यक्ष कमलेश शर्मा का कहना है कि के्रडिट सोसाइटी के चुनाव में संगठन से जुड़े सात सदस्यों ने जीत हासिल की सर्वप्रथम बस सभी को बधाई देते हैं उन्होंने कहा कि इस चुनाव में संगठन से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ताओं ने सदस्यों को चुनाव में जीत दिलाने के लिए अपना भरकश प्रयास किया और यही प्रयास सफलता में नजर आई आज यहां पर इंटक से जुड़े सदस्य अध्यक्ष है जो कि निश्चित ही संगठन के सिद्धांतों पर चलकर श्रमिकों के हित पर काम करेंगे और उनका मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहेगा उन्होंने कहा कि 3 महीने के बाद सदस्यता सत्यापन भी शुरू होगा और उसके ठीक पहले जो यह जीत मिली है वह इंटक की एकजुटता का सबसे बड़ा संदेश है और इसी संदेश को लेकर आएंगे बढ़ाना है और सदस्यता सत्यापन में इस वर्ष भी पूरी मजबूती के साथ हम मैदान पर रहेंगे और अपनी स्थिति इसी तरह बरकरार रखेंगे क्योंकि हम हमेशा श्रमिक हित की बात करते हैं उनके हित की लड़ाई को लड़ते हैं और संगठन के जो सिद्धांत है उसे ही सर्वोपरि मानते हैं।

खबर संक्षेप



## किया जा रहा है जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य

**अनुपपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशानिर्देशन में तालाब, नदी, नालों, स्टॉप डेम, कुओं का जीर्णोद्धार तथा साफ-सफाई का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अमरकंटक के रामघाट के दक्षिणी तट की साफ सफाई का कार्य एवं जलीय खरपतवारों की सफाई की जा रही है। जल स्त्रोतों के सुधार तथा साफ-सफाई कार्यक्रम में स्थानीय जनों का भी सहयोग श्रमदान के रूप में प्राप्त हो रहा है। जल संरक्षण, संवर्धन के लिए जल स्त्रोतों के उन्नयन हेतु श्रममूलक कार्य कराए जा रहे हैं। साफ-सफाई का अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश देने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों के नेतृत्व में जनजागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नगरीय निकाय अनूपपुर, बरगवां (अमलाई), जैतहरी, अमरकंटक, पसान, डोला, डूमरकछार, बिजुरी, कोतमा, बनगवॉ (राजनगर) द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नगरीय निकायों के द्वारा स्थानीय नालियों तथा नगर की साफ-सफाई की दिशा में भी बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है।

## एकादशमुखी हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**अनुपपुर।** नगर परिषद बरगवा (अमलाई) अंतर्गत वार्ड नंबर 5 मे स्थित सिद्ध बाबा डोंगरिया मे एकादशमुखी हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे भव्यता के साथ भंडारे के प्रसाद वितरण के बाद संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ 12 अप्रैल को विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ जहाँ हनुमान जी की प्रतिमा को अमलाई इंदिरा नगर से कलश यात्रा पूरे नगर मे भ्रमण करते करते हुए,भगवान के जयकारे से पुरा नगर गुंजायमान होते हुए,भक्तों के नाच गाने के साथ डोंगरिया पहुंचाई गयी, इसके बाद अगले तीनो दिन पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रो का उच्चारण करते हुए रीति रिवाजों के साथ लगातार पूजा पाठ विधि विधान से संपन्न हुआ,तीसरे दिन मूर्ति को तय स्थान पर विराजमान करते हुए उसमे मंत्रो के द्वारा प्राणो का संचार किया गया, एकादशमुखी हनुमान की कथा ग्यारह मुखी हनुमान, जिन्हें एकादशमुखी हनुमान भी कहा जाता है, हनुमानजी का एक दुर्लभ और शक्तिशाली रूप है, जिसमें 11 मुख और 22 भुजाएं होती हैं. इस रूप में, हनुमानजी भगवान शिव के 11 रुद्र अवतारों का प्रतीक हैं और उनकी पूजा से भक्तों को एक साथ कई आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। प्राचीन काल में, कालकारमुख नामक एक शक्तिशाली राक्षस ने ब्रह्माजी को प्रसन्न करके अमरता का वरदान प्राप्त किया था. कालकारमुख ने कहा था कि जो भी उसकी जन्म तिथि पर 11 मुख धारण करे, वही उसे मार सकता है. देवताओं की रक्षा के लिए, हनुमानजी ने 11 मुखी रूप धारण किया और कालकारमुख का संहार किया। ग्यारह मुखी हनुमान, जिन्हें एकादशमुखी हनुमान भी कहा जाता है, हनुमान जी का एक रूप है जिसमें उनके 11 मुख होते हैं। ये मुख अलग-अलग शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं और हनुमान जी के पराक्रम का प्रतीक हैं। इसके बाद हवन और विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया और इसी के साथ प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम पूर्ण हुआ, ज्ञात हो की यह मंदिर पूरे मध्यप्रदेश मे विरली ही है जिसमे भगवान हनुमान के ग्यारह मुख है, इस पूरे कार्यक्रम मे आसपास व दूर दराज के सभी भक्त विशाल संख्या मे उपस्थित हुए।

## सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जन कल्याण संस्था द्वारा यात्रियों के लिये नि:शुल्क पेयजल सेवा हेतु प्याऊ का संचालन



**अनूपपुर।** गर्मी के सीजन में रेल यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति करने के लिए मंडल रेल प्रशासन पूरी तरह से जुटा हुआ है। इसके सारथी पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण संस्था भी सेवा भावना से रेल यात्रियों को पीने का पानी (प्याऊ) उपलब्ध कराने में अपना योगदान दे रहे हैं। इस संस्था द्वारा बिजुरी स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्रिय योगदान दिया जा रहा है।

# संसार कितना भी आधुनिक हो जाए पर एक सत्य परिवर्तित रहता है वह जीवन मुक्त सतगुरु की शरण- बाबा ईश्वर शाह साहिब

### विशाल जन समूह की उपस्थिति में हुई रामघाट तट में महा आरती दो दिनी हरे माधव सत्संग का भावपूर्ण समापन





**अमरकंटक।**

संत चरण जहां धरते हैं वह स्थान हरियाला होए जाते हैं। पवित्र नगरी अमरकंटक की यह पावन धरा जहां मां नर्मदा कि कल कल बहती धारा ऋषि मुनियों की तपोभूमि स्वयं भक्ति देवत्व का गुणगान करती है भजन सिमरन की कमाई वाले पूरण सतगुरु की भक्ति श्रद्धा भाव प्रेम भाव धार करने से अनंत असीम पुण्य फल प्राप्त होते हैं आप जितना अपने बुद्ध चित को पूरण सतगुरु की भाव भक्ति से भरते हो आपकी दक्षा उतनी आनंदित होती है संसार कितना भी आधुनिक हो जाए पर एक सत्य परिवर्तित रहता है जो परिवर्तन रहित है वह है जीवन मुक्त सतगुरु की शरण उक्त आशय के उदगार हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी महाराज हरे माधव सत्संग में अपने हजारों अनुयायियों भक्तों संबोधित करते हुए कहे। समय के आरंभ से ही जीवन मुक्त सत्गुरुओं का महतम बढ़ चढकर गाया गया है चाहे वह निमित्त अवतारों का जीवन मुक्त सत्गुरुओं की शरण में जाना हो या फिर भगवान शिव जी का गुरु गीता में माता पार्वती जी को पूरे संतन सतगुरु की अनंत महात्म वर्णन हो भगतिमय श्री वचन श्रवण कर श्री दर्शन कर संगठनों ने जीवन का असल सर एवं घाट में दिव्य प्रकाश पाने की सांची युक्ति पाई।

स्थावर तीर्थ भी जंगल तीर्थ चलत तीर्थ सतगुरु की चरण रज पाकर ही अपनी मैल धोते हैं जीवन मुक्त सद्गुरु जी धारा जिस स्थान पर चरण धरते हैं तो जहां-जहां उनके पावन श्री चरण वह थांव तीरथ हो जाते हैं जीवन मुक्त सद्गुरु वह दिव्य है चेतना है उनका प्रत्येक कदम अपार करुणा निश्छल प्रेम भक्ति ज्ञान और शुद्ध प्रकाश से परिपूर्ण होता है जीवन मुक्त सद्गुरु की उपस्थिति मात्र से वह भूमि पवन पतित हो जाती है ना वह किसी जल की आवश्यकता रहती ना विशेष कृतियों की आवश्यकता होती उनका दिव्या सोहेल दर्शन उनका स्पर्श उनकी प्रभु मर वाणियां मोक्ष का द्वार खोलते हैं। उक्त आशय के दिव्य अनमोल वचन सद्गुरु साईं बाबा ईश्वर शाह अपने समर्थकों अनुयायियों भक्त श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कह रहे थे।

सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह ने संबोधित करते हुए कहां की जब प्रभु सद्गुरु स्वयं चलाय मान तीर्थ जंगल तीर्थ बनकर किसी भूमि पर पदार्पण करते हैं तो तो यह धरती समस्त पापों को हरने वाली आंतरिक चेतना को जागृत करने वाली और आत्मा को परमात्मा जोड़ने वाली सेतु का कार्य करती है जीवन मुक्त सद्गुरु की चरण धूलि जहां भी गिरी वह भूमि तीर्थराज पावन पवित्र परम कल्याणकारी है। बाबा ईश्वर शाह ने अपने हरे माधव सत्संग सभा के विशाल भक्त श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गरुड़ पुराण भविष्य पुराण का भी उल्लेख किया तथा तुलसीदास जी की चौपाई बिनु सत्संग विवेक न होई का भी उल्लेख किया तथा उन्होंने भगवान श्री राम चंद्र जी के वशिष्ठ एवं विश्वामित्र गुरुदेव भगवान का उल्लेख किया उन्होंने अपने समर्थकों का अनुयायियों का भक्त श्रद्धालुओं का पवित्र नगरी अमरकंटक के प्रवास के दौरान वटवृक्ष के नीचे की साधना के दौरान हुई अनुभूति में साधु संतों के मिलन का उल्लेख किया आगे कहां की अमरकंटक नगरी में संत का कमंडल है तथा समुद्र मंथन से निकला 14 रत्न में से एक कल्पवृक्ष भी यहां पास ही है उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारी से अपने श्रद्धालुओं को अवगत कराया। उन्होंने बखूबी गुरु महिमा का सर्वोत्तम बखान किया तथा गुरुदेव बाबा नारायण साईं द्वारा शिष्य को हरिद्वार से जल लाने हेतु दिए गए लोटा के गुमने की तथा मिल जाने की भी घटना का उल्लेख किया।

परम पूज्य बाबा ईश्वर शाह जी का अमृत में सत्संग रात्रि 8ः बजे से 11ः बजे रात्रि तक निरंतर चला रहा इस दौरान भक्त श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ तन्मयता पूर्ण तल्लीन होकर बाबा जी के उद्गार सुनते रहे। पवित्र नगरी अमरकंटक में हरे माधव सत्संग में छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र मध्य प्रदेश से भारी तादाद में अनुयाई समर्थक भक्ति श्रद्धालु आए हुए थे इसमें जबलपुर, मंडला, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, छत्तीसगढ़ के पेंड्रा रोड, बिलासपुर, रायपुर, मुंगेली, कोरबा तथा महाराष्ट्र से सांगली, नागपुर, अकोला, धलीया हजारों की संख्या में सिंधी समाज के लोग ज्यादा आए हुए थे। रामघाट दक्षिण तट में सुंदर सु मधुर भजन कीर्तन चलता रहा। बाबा जी के मंचासीन होते ही मनोहरी आरती की गई।

रात्रि साढे. 11ः बजे से पावन सलिल पतित पावनी मां नर्मदा जी के रामघाट दक्षिण तट में संगीतमय महा आरती नर्मदा मंदिर के पुजारी श्री धनेश द्विवेदी वंदे महाराज के द्वारा शु मंगल शु मधुर मंत्र उच्चारण के साथ महा आरती की गई गरिमा मय विशाल महिती नर्मदा जी के महा आरती में बाबा ईश्वर शाह महाराज की विशेष उपस्थिति रही उनके साथ उनके साथ हजारों की तादाद में अनुयाई समर्थक नर्मदा के उत्तर एवं दक्षिण तट पर उपस्थित रहे सभी ने आरती लेकर करते रहे नर्मदा जी की महा आरती का आयोजन नगर का खत्री परिवार के सौजन्य से किया गया इसमें मुख्यतः अनिल खत्री अनु तथा देवानंद खत्री का उल्लेखनीय योगदान रहा पुरोहितों में मुकेश पाठक राजेश पाठक पवन तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में भक्ति श्रद्धालुओं ने शब्द कीर्तन भजन हरे माधव हरे माधव का वाचन करते रहे तथा गुरबाणी पाठ किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अभाविप द्वारा किया गया विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**कोतमा।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिलेभर में विविध रचनात्मक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य युवाओं को डॉ. साहब के विचारों से जोड़ना तथा संविधान के प्रति निष्ठावान बनाना। कोतमा स्थित कन्या छात्रावास एवं कन्या शिक्षा परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन दर्शन, शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। छात्राओं ने समूह चर्चा, भाषण और प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को सार्थक और ज्ञानवर्धक बनाया। संगोष्ठी ने छात्राओं में आत्मविश्वास, संवैधानिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। अनूपपुर जिले के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें जिलेभर के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचार, शिक्षा, संविधान निर्माण एवं सामाजिक न्याय से संबंधित 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल किए गए थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन युवाओं में संविधान की समझ, सामाजिक चेतना और अंबेडकर के विचारों को मजबूती देने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास रहा। अंबेडकर जयंती को जन-जागरण और विचार-प्रबोधन के पर्व में बदल दिया। परिषद आगे भी इसी प्रकार राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सशक्त भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत रहेगी।



# मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने की जनसुनवाई, 60 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 60 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के अरुण कुमार गुप्ता ने खाद्यान्न पर्ची बनवाए जाने, ग्राम चोंड़ी-पोंड़ी तहसील कोतमा की श्रीमती सुनीता बाई ने लाडली बहना योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम सेन्दुरी तहसील अनूपपुर के हजारीलाल ने भूमि के सीमांकन में सुधार कराए जाने, ग्राम दुधमनिया तहसील अनूपपुर की श्रीमती रशमी सिंह गोंड़ ने पति की कुएं में डूबने से मृत्यु हो जाने पर सहायता राशि दिलाए जाने, राजनगर तहसील कोतमा के समीद अहमद ने निःशक्त विवाह प्रोत्साहन सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम बर्री तहसील अनूपपुर के नंदू भरिया ने अनूपपुर बायपास मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहीत किए जाने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अनूपपुर जिला केंद्र के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



### 9 स्वर्ण और 4 रजत पदकों के साथ जीता बढ़ाया विद्यालय का मान

**अनूपपुर।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरकंटक में आयोजित विद्या भारती की विभाग (संभाग) स्तरीय एथलेटिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अनूपपुर जिला केंद्र के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 9 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतिभागियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा शिशु वर्ग से यश गोसवामी ने 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान पाकर 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए, किशोर वर्ग से हेमराज पटेल ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान (2 स्वर्ण), तथा बाधा दौड़ (110 मीटर) और रिले दौड़ (400 मीटर) में दूसरा स्थान (2 रजत) प्राप्त किया, तरुण वर्ग से अनिकेत कुमार गवांड ने 400 मीटर बाधा दौड़ में पहला (1 स्वर्ण), तथा 800 मीटर और रिले दौड़ में दूसरा स्थान (2 रजत) प्राप्त किया, इमरान लाल ने 100 मीटर दौड़ और हैमर थ्रो में पहला स्थान प्राप्त कर 2 स्वर्ण जीते। राहुल कोल ने 200 मीटर एवं 110 मीटर बाधा दौड़ में पहला स्थान पाकर 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। इन प्रतिभागियों को विभाग द्वारा स्वर्ण, रजत पदक और प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने प्राचार्य सतीश सिंह एवं खेल प्रभारी दीपक पटेल को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में विद्यालय के भैया-बहिन राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा, खेल-कूद केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक कौशलों का भी संपूर्ण विकास करता है। यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अब ये विजेता प्रतिभागी महाकौशल प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिवार और जिलेवासियों ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# श्रमजीवी पत्रकार परिषद की प्रथम जिला स्तरीय बैठक, पत्रकार हित में लिए गए कई निर्णय



**अनूपपुर।**

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर की कार्यकारणी घोषित होने के बाद पहली बैठक जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय होटल में 14 अप्रैल सोमवार को संपन्नन हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष वा संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा उपस्थित रहे। आयोजन में श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि यह जिले के पत्रकारों के लिए एतेहासिक बैठक साबित होगी। जिसमें स्थानीय पत्रकारों के बीच एकजुटता, संगठन की मजबूती और पत्रकार के हितों की रक्षा के लिए है। आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार विमर्श किया गया, जिनमें परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येतक 3 या 6 माह में सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न गतिविधियों वा आयोजनों को करते रहने, सरकार वा आमजनता के बीच एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में निर्भीक, निष्पक्षता वा अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया।

### पत्रकारों की आवाज को मंच देना परिषद का उद्देश्य

परिषद के जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला अपने वक्तव्य में कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की आवाज को एक मंच देना है। उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना और पत्रकारिता को सामजिक सरोकारों से जोड़ते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। परिषद के जिला एवं ब्लॉक सहित सदस्यों ने सभी पत्रकार हित में सक्रिय और पारदर्शी कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला वरिष्ठ पत्रकार प्रेम अग्रवाल, प्रवक्ता भगवानदास मिश्रा, जिला कार्यकारणी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा शुक्ला, रामाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, कोषाध्ययक्ष आशीष द्विवेदी, जिला सचिव चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, कार्यालय मंत्री ब्रजेश राठौर, ब्लॉक जैतहरी अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, कोतमा अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, अनूपपुर दिगम्बर शर्मा, नीरज द्विवेदी, अरूण ओटवानी, मदन मोहन मिश्रा, प्रकाश तिवारी, राजेश चौधरी, अनिल राठौर, विजय राठौर सहित संभाग से संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वाकर्मा, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय सचिव श्याम तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य, उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री आज सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा, जिला मंडला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 23 वीं किश्त की राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में अंतरण करेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।